समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 18 August 2026

# इस शेयर ने किया कमाल! 51 रुपये के इश्यू प्राइस से बढ़कर पहुंचा 514 रुपये, 1100% से ज्यादा का रिटर्न।

Publisher

Published on 02 Jun 2025



## ITCONS e-Solutions बना मल्टीबैगर स्टॉक, दो साल मे निवेशकों की झोली भर दी — जानिए कंपनी की ग्रोथ की पूरी कहानी।

**नई दिल्ली :** शेयर बाजार में ऐसे मल्टीबैगर स्टॉक्स की तलाश हर निवेशक करता है, जो कम समय में जबरदस्त रिटर्न दें। **BSE SME प्लेटफॉर्म** पर लिस्टेड कंपनी **ITCONS e-Solutions** ने इस उम्मीद को साकार कर दिखाया है। महज दो साल में यह स्टॉक निवेशकों के पैसे को 11 गुना से ज्यादा बढ़ा चुका है।

### IPO मे 51 रुपये, अब कीमत 514 रुपये के पार

मार्च 2023 में ₹51 के इश्यू प्राइस पर लिस्ट हुआ **ITCONS e-Solutions** का शेयर आज इंट्राडे में **₹514.50** के उच्चतम स्तर तक पहुंच गया। यानी अब तक यह स्टॉक **1,178%** से ज्यादा का रिटर्न दे चुका है। वर्तमान में भी शेयर हरे निशान में ट्रेड कर रहा है।

### पिछले एक साल मे 886% का रिटर्न

**2024-25** के फाइनेंशियल ईयर में यह शेयर जबरदस्त प्रदर्शन कर चुका है। बीते एक साल में इसने 886% की बढ़त दर्ज की है। हालांकि 2025 की शुरुआत से अब तक (YTD) इसमें 20.57% की गिरावट भी आई है। इसके बावजूद जिन निवेशकों को **IPO** में अलॉटमेंट मिला था, उनके लिए यह सौदा बेहद फायदेमंद साबित हुआ है।

### कंपनी का मजबूत फाइनेंशियल प्रदर्शन

**FY25 मे ITCONS e-Solutions** का **रेवेन्यू 28.73 करोड़ रुपये** से बढ़कर **57.06 करोड़ रुपये** हो गया है। वहीं नेट प्रॉफिट भी 1.90 करोड़ से बढ़कर 3.20 करोड़ रुपये पहुंच गया है।

**EPS: ₹5.23**
**नेट प्रॉफिट ग्रोथ : लगभग 68%**
**रेवेन्यू ग्रोथ : लगभग 98.5%**

**नए बिजनेस सेगमेटं से बढ़ी ताकत**
कंपनी ने अब सिर्फ **IT मैनपावर सर्विसेज** तक सीमित न रहते हुए **Technical Testing** और **IT Asset Management Consulting** जैसे नए क्षेत्रों में प्रवेश किया है। इन सेगमेंट्स से 13 करोड़ रुपये का रेवेन्यू जनरेट हुआ है।

साथ ही कंपनी ने **सरकारी प्रोजेक्ट्स** में भी बड़ी सफलता हासिल की है। पहले जहां इसके **गवर्नमेटं क्लाइंट्स** की संख्या सिर्फ 2 थी, वहीं अब यह बढ़कर 21 क्लाइंट्स तक पहुंच चुकी है।

**निवेशकों के लिए क्या है संकेत ?**
इस स्टॉक ने साबित कर दिया है कि छोटे निवेश भी लंबे समय में बड़ा मुनाफा दे सकते हैं। हालांकि, इस साल की शुरुआत से आई गिरावट को देखते हुए नए निवेशकों को सतर्क रहने की सलाह दी जा रही है। यदि कंपनी अपने नए सेगमेंट्स में ग्रोथ जारी रखती है, तो यह स्टॉक भविष्य में भी दमदार रिटर्न दे सकता है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.